## एक नजर में

### आईटीआई के प्रवेश की प्रक्रिया जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल में नवीन सत्र हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।**

संस्थान में 100 प्रतिशत जॉब गारंटी, प्लेसमेंट सहायता, नि:शुल्क छात्रावास सुविधा, नि:शुल्क यूनिफ ॉर्म, नि:शुल्क अध्ययन सामग्री, उद्योग आधारित तकनीकी प्रशिक्षण जैसी विशेष सुविधायें हैं। इस संस्थान में प्रवेश केवल मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत लाभार्थियों के पुत्र एवं पुत्रियों को ही मिलेगा। आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश लेकर विद्यार्थी अपने उज्जवल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। प्रवेश, ट्रेड, पात्रता एवं अन्य जानकारी हेतु संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी 21 मई 2026 को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन हेतु कार्यालय श्रम पदाधिकारी संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन जिला टीकमगढ़ में उपलब्ध रहेंगे। अधिक जानकारी के लिये प्रशिक्षण अधिकारी श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल मध्यप्रदेश के मोबाईल नं. 9425376830 पर संपर्क कर सकते हैं।

# तेज धूप की चुभन के साथ गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित

**शहर के बाजारों में दिन भर रहता सन्नाटा**

**डॉक्टरों ने घर से नहीं निकलने की दी सलाह**



**नवभारत न्यूज,टीकमगढ। पिछले 48 घंटों से तेज गर्मी और लू का असर बना हुआ है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात करीब 10 बजे तक गर्म हवाएं चलती रहीं। गुरुवार सुबह भी तेज धूप के साथ गर्म हवा का असर देखने को मिला।**

भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मंगलवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 45.02 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया ।मौसम विभाग ने जिले में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक गुरुवार को करीब 21 प्रतिशत आर्द्रता रहने और 21 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। आज अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है ।स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक जरूरी काम न होने पर घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। साथ ही पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने को कहा गया हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक जिले में तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है। अगले गुरुवार के बाद मौसम में कुछ बदलाव की संभावना जताई गई है, लेकिन फिलहाल लोगों को तेज गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी अनुरागी द्वारा गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुषप्रभाव से बचाव की एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि माह जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी परिलक्षित होती है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृद्धि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है।

डॉ ओपी अनुरागी ने बताया कि अधिक तापमान के कारण होने वाले स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समयानुसार उपाय किए जाए, ताकि मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से यथासंभव बचाया जा छोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा या फिर छोटे छोटे दाने निकलना। जलन, खुजली या त्वचा पर चुभन सी महसूस होना ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से वाष्पित नहीं हो पाता। ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने। गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए विशेष प्रकार के सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग करें। त्वचा को साफऔर शुष्क बना कर रखें। गर्मी में घर से बाहर निकलते वक्त तौलिया एवं छाते का प्रयोग अवश्य करें। घर से बाहर निकलते समय भोजन करके पानी या ठंडा शरबत पी कर ही बाहर निकले जैसे आम गन्ना और शिकंजी ज्यादा फायदेमंद है। घर से बाहर जाते समय पीने का पानी साथ में लेकर जाए। अगर तेज धूप में थे तो एकदम से ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। गर्मी में दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक तेज धूप में न निकलें अत्याधिक आवश्य क होने पर ही सभी सुरक्षात्मीक उपाय करते हुए बाहर निकलें। अगर घर से बाहर है और निर्जलीकरण के संकेत मिलें तो किसी छाया वाले और शांत जगह पर आराम करें।

### लू लगने पर कराएं तुरंत उपचार

हीट स्ट्रोक सन स्ट्रोक शरीर की वह अवस्था है,जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40सी डिग्री सेल्सियस 104 .0 डिग्री फेरेनहाइट के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है या धीरे-धीरे। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले तो मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिये, छोटे बच्चों की कपड़े से ढंककर छाया बाले स्थान पर रखें। गर्मियों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता रहता है और जमता रहता है जिसके कारण त्वचा पर खुजली होती है।

### गर्मी के कारण शरीर में हो जाती पानी की कमी

गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसा तब होता है जब कोई काफी समय से काम में व्यस्त है या ज्यादा शरीरिक कार्य करता है और यदि काफी समय से पानी नहीं पीया जाए इससे गर्मी में डीहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। शरीर को निर्जलीकरण डीहाइड्रेशन से बचाने के लिए नियमित रूप से थोड़े-थोड़े समय बाद पानी पीना आवश्यक है, अगर किसी का गला बार बार सूख रहा है तो ये संकेत है कि उसका शरीर में पर्याप्त पानी नहीं है। यदि किसी दिन बहुत ज्यादा गर्मी है उस दिन ज्यादा व्यायाम से बचें क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो तभी व्यायाम किया जाना चाहिए।

# उर्स मुबारक कार्यक्रम का समापन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के नजरबाग प्रागंण पर स्थित हजरत सैय्यद इलहान शाह बाबा की दरगाह पर 83 वॉ हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक उर्स मुबारक कार्यक्रम का समापन कराया गया। कार्यक्रम में कव्वाल अनीस नवाब एवं सदाकत सावरी के बीच गुरूवार की अलसुबह तक जोरदार कव्वालियों का मुकावला जारी रहा। कार्यक्रम में शामिल दर्शकों ने कव्वालियों का भरपूर आनंद लिया।**

बुधवार को उर्स मुबारक के समापन अवसर पर अनीस नवाब गुजरात एवं सदाकत सावरी कब्बाल के बीच शानदार कब्बालियों का मुकाबला हुआ। शहर के नजरबाग प्रागंण पर स्थित हजरत सैय्यद इलहान शाह बाबा की दरगाह पर 83 वॉ हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक उर्स मुबारक के आगाज पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला रहे ।इस अवसर पर कार्यक्रम में अंजुमन सदर अब्दुल रज्जाक, महेन्द्र जैन, अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक,सूर्यप्रकाश मिश्रा, ओपी दीक्षित, इनाम उल्ला खॉ, अमानत उल्ला खॉ, गौरव शर्मा, सगीर खान, हामिद खान, लक्ष्मण रैकवार, जब्बार खान, इकराम खान, मुमताज अली, डॉ.इसरार खान, अफरोज खान उर्फ टीपू, प्रणव जायसवाल, पूनम जायसवाल सलीम खान , संजय नायक, अनीस खान, सलीम खान, सलमान अली बल्ले, आरिफ खान पंगू सहित अनेको लोग शामिल हुए । गुरूवार की अलसुबह तक जोरदार कव्वालियों का मुकावला जारी रहा । दर्शकों ने कव्वालियों का भरपूर आनंद लिया ।

# नपा की प्रशासक ने कर्मचारियों से किया मंथन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। वार्ड नंबर 6 की कांग्रेस पार्षद पूनम जायसवाल ने पार्कों की बदहाली का मुद्दा उठाया है। मंगलवार को उन्होंने महिला पार्क में पानी की बर्बादी का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। पार्षद ने पार्कों में गंदगी और खराब सफाई व्यवस्था पर चिंता जताते हुए प्रभारी अध्यक्ष और सीएमओ से सुधार की मांग की थी।**

पार्षद की शिकायत के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया। प्रभारी अध्यक्ष और डिप्टी कलेक्टर अंजलि शर्मा ने पार्कों में नियुक्त कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें फटकार लगाई ।डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को पार्कों में लगे नलों से हो रहे पानी के लीकेज को तत्काल बंद कराने का निर्देश दिया। इस दौरान पार्कों के सौंदर्यीकरण और साफ-सफाई पर भी चर्चा हुई ।अंजलि शर्मा ने पार्कों में मनोरंजन के लिए संसाधन उपलब्ध कराने, लाइटिंग और पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। इस बैठक में पार्षद पूनम रजनी जायसवाल, स्वच्छता प्रभारी पार्षद अजय यादव, नगर पालिका उपयंत्री अजय दीक्षित, दीपक विश्वकर्मा, जलप्रदाय सहायक अनिल श्रीवास्तव, शुभम वर्मा और सफाई प्रभारी हवलदार राकेश बल्मीक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में जन्मजात विकृतियों से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है।**

बल्देवगढ़ के ग्राम कुड़ीला निवासी राजेंद्र राजपूत के पुत्र का सफलतापूर्वक नि:शुल्क उपचार कर उसे क्लब फुट बीमारी से मुक्त किया गया। बच्चा जन्म से ही पांव टेढ़े की समस्या से पीड़ित था, जिसके कारण उसके चलने-फिरने में भविष्य में गंभीर कठिनाइयों की आशंका थी।

# विधायक हुए पूर्व पीएम की पुण्यतिथि में शामिल



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।** कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह निवास पर ब्लॉक कांग्रेस ब्लॉक द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मौजूद विधायक यादवेन्द्र सिंह ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी पर प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं से उनके पथ चिन्हों पर चलने की अपील की है।

इस अवसर पर के विधायक यादवेंद्र सिंह , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन साहू , भगत राम यादव , सूर्य प्रकाश मिश्रा , गौरव शर्मा , महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूनम जायसवाल , लक्ष्मण रैकवार , आशा राम यादव , दुष्यंत लोधी , संजय नायक , जितेन्द्र जैन , अंकित जैन पिंटू , प्रत्यूष पाठक , चक्रेश जैन , राजीव जैन , खलील खान , डॉ. इसरार मोहम्मद , सुनील अहिरवार , नरेंद्र सिंह परिहार , नत्थू लोधी , दिनेश सिंह सेंगर , महेंद्र सिंह नीतेश बिलगईयां , शिवेंद्र यादव , गौरव यादव ,सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खनिज विभाग की प्रभावी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मप्र खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के अंतर्गत अवैध रेत उत्खनन के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए ग्राम छेवला तथा ग्राम टोरिया ऊगड़ तहसील पलेरा में एक-एक पोकलेन मशीनें जप्त की गई हैं।**

अनुविभागीय अधिकारी जतारा से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा 12 मई 2026 को ग्राम छेवला तहसील पलेरा के खसरा क्रमांक 280 एस तथा ग्राम टोरिया ऊगड़ तहसील पलेरा के खसरा क्रमांक 7/50 (एस) में अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जप्त मशीनों को पुलिस चौकी खजरी की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरण न्यायालय कलेक्टर में दर्ज कर विचाराधीन है। संबंधित पोकलेन मशीनों को निर्देशित किया गया है।

# जीएसटी की टीम ने दो फर्मों पर दी दबिश



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जीएसटी दमोह की टीम ने बल्देवगढ़ में दो फर्मों पर छापामार कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर कर चोरी की आशंका जताई है। प्रारंभिक जांच में जीएसटी नियमों के उल्लंघन और कर अपवंचन के संकेत मिलने पर टीम ने दस्तावेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यापारियों और संस्थाओं की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई गई है।**

जानकारी के अनुसार सीजीएसटी दमोह की टीम में अधीक्षक राहुल कुमार, तरुण कुमार वैद्य तथा निरीक्षक समय सिंह मीना, स्वप्निल तिवारी, हिमांशु सोनी और मनीष कुमार वर्मा शामिल रहे। टीम ने बल्देवगढ़ स्थित मेसर्स चौरसिया ट्रेडिंग कंपनी और बाबा प्रोडक्ट्स पर एक साथ कार्रवाई की। चौरसिया ट्रेडिंग कंपनी का संचालन राघवेंद्र चौरसिया एवं बाबा प्रोडक्ट्स का संचालन प्रदीप चौरसिया द्वारा किया जाता है। दोनों फर्में राजश्री गुटखा की थोक विक्रेता बताई जा रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक इन फर्मों के खिलाफ लगातार शिकायतें जबलपुर स्थित सीजीएसटी कार्यालय को मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों, बिलों और कारोबार से जुड़े रिकॉर्ड को कब्जे में लिया है। सीजीएसटी अधीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों फर्मों द्वारा जीएसटी नियमों का पालन नहीं किए जाने और कर अपवंचन में संलिप्तता सामने आई है। जब्त दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों का परीक्षण एवं विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद कर निर्धारण सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आशा एवं उषा कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**ज्ञापन देते समय एक महिला कार्यकर्ता की बिगड़ी तबियत**

**उपचार के लिए एंबुलेंस से पहुंचाया अस्पताल**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में गुरुवार को आशा और उषा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन सौंपने पहुंचीं एक महिला कार्यकर्ता की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया।**

आशा उषा कार्यकर्ता महिला संगठन के बैनर तले बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं। प्रशासन की ओर से एडीएम और जिला पंचायत सीईओ ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन कार्यकर्ता कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग करती रहीं। संगठन की जिला अध्यक्ष शशि राय ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा ठाकरे के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने मांगों को जल्द पूरा करने की बात कही।

शशि राय ने कहा कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आशा और उषा कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगी ।संगठन ने लंबित प्रोत्साहन राशि का तत्काल भुगतान, केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई 1500 रुपये की राशि का एरियर सहित भुगतान और हर महीने की 5 तारीख तक नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। कार्यकर्ताओं ने भुगतान की स्लिप देने की मांग भी की। ज्ञापन में 29 जुलाई 2023 की महापंचायत में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषित 1000 रुपये वार्षिक वृद्धि का एरियर सहित भुगतान करने की मांग भी शामिल है ।इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में घायल होने पर 1 लाख रुपये और मृत्यु की स्थिति में परिवार को 10 लाख रुपये सहायता राशि देने की मांग रखी। सेवानिवृत्ति के बाद 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि देने की मांग भी की गई है। घटना पर सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी ने कहा कि तेज गर्मी में अधिक देर तक शोर-शराबा करने की वजह से महिला को चक्कर आया होगा। गुरुवार को आशा और उषा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन सौंपने पहुंचीं एक महिला कार्यकर्ता की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया।

**समस्या** — **विभाग के दावे हो रहे छलावा साबित**

# मोहनगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जल संकट की आहट



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत हतेरी में इन दिनों ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है। गर्मी की दस्तक के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या विकराल होती जा रही है। नलजल योजना के कनेक्शन और हैंडपंप शो पीस बनकर रह गए हैं। ऐसे में सरकार और विभाग का दावा छलावा साबित होता नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत हतेरी में अभी से पेयजल संकट गहराने लगा है।**

गांव में लगा नल कनेक्शन और हैंडपंप जवाब दे रहे हैं। गर्मी से परेशान लोग पानी के लिए भटकने लगे हैं। ग्रामीण पानी के लिए ग्राम से लगभग एक किलोमीटर दूर हेंडपंप से पेयजल एकत्रित कर रहे हैं जहां पर पीने की पानी हो लेकर तेज धूप में घंटों तक अपने नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। लेकिन विभाग को ग्रामीणों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। वैसे तो मोहनगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पानी की समस्या है लेकिन मोहनगढ़ के साथ बिंदारी खास, बरेठी,गोर,मज़गुआ बिहार, दरगाय कला,बनगाय आदि गांव पानी की किल्लत से जूझ रहे है ।इन गांवों में नल जल योजना भी पूरी तरह फेल नजर आ रही है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सरपंच से मिलकर पानी की समस्या के समाधान की गुहार लगाई लेकिन उनके द्वारा कोई उचित कदम नहीं उठाया गया। गांव से बाहर एक हैंडपंप है तेज धूप में घंटों तक खड़ा होकर लोगो को अपनी बारी का इंतजार करना होता है तब जाकर प्यास जूझने के लिए पानी नसीब होता है। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत हतेरी में इन दिनों ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है। गर्मी की दस्तक के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या विकराल होती जा रही है। नलजल योजना के कनेक्शन और हैंडपंप शो पीस बनकर रह गए हैं। ऐसे में सरकार और विभाग का दावा छलावा साबित होता नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत हतेरी में अभी से पेयजल संकट गहराने लगा है। विभाग को ग्रामीणों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। वैसे तो मोहनगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पानी की समस्या है लेकिन मोहनगढ़ के साथ बिंदारी खास, बरेठी, गोर,मज़गुआ बिहार, दरगाय कला, बनगाय आदि गांव पानी की किल्लत से जूझ रहे है।

### ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की लगाई गुहार

वैसे तो मोहनगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पानी की समस्या है लेकिन मोहनगढ़ के साथ बिंदारी खास, बरेठी,गोर,मज़गुआ बिहार, दरगाय कला,बनगाय आदि गांव पानी की किल्लत से जूझ रहे है ।इन गांवों में नल जल योजना भी पूरी तरह फेल नजर आ रही है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सरपंच से मिलकर पानी की समस्या के समाधान की गुहार लगाई लेकिन उनके द्वारा कोई उचित कदम नहीं उठाया गया।

## शिविर में 65 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय मुहारा में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 65 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और औषधि प्रदान की गई।**

शिविर में स्त्रीरोग,वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, बीपी,शुगर की जांच की। आहार बिहार और ग्रीष्म ऋतु में होने वाले रोगों ओर लू से बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने की सलाह दी गई।

# वैज्ञानिकों ने किसानों को दी सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार, वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. एसके जाटव एवं डॉ. आई.डी. सिंह द्वारा कृषकों को फसलों की गहाई उपरान्त अनाज को घरों में सुरक्षित रखने की सलाह दी गयी। किसान अनाज को घरों में कोठी, बोरे या अन्य प्रकार से भण्डारण करते हैं। भण्डारण के दौरान अनाज में कई प्रकार के कीट जैसे-खपरा, बीटल, सुरेही चावल का घुन, दालो का डोरा एवं चूहें काफी नुकसान पहुँचाते हैं।**

किसान भाई गहाई के उपरान्त अनाज को धूप में ठीक से न सुखाकर जल्द बाजी करके अनाज को घरों में भण्डारित कर देते हैं, ऐसे अनाज को कीट जल्दी ग्रसित करता है। किसान मेहनत से पैदा किये गये अनाज को भण्डारण गृह में होने वाले नुकसान को बचाने के लिये बोरियों, कोठियों व गोदामों की सफाई एवं दवा से उपचारित करें और भण्डारण गृह में तापमान व हवा का उचित प्रबंधन होना चाहिए। भण्डारण कक्ष का फर्श पक्का होना चाहिए और अनाज को धूप में तब तक सुखायें कि दांत से दबाने पर कट की आवाज आये अर्थात् दानों में 10-12 प्रतिशत नमी रह जाये। अनाज वाली फसलों में 10-11 प्रतिशत नमी और दलहन फसलों में 8-9: नमी रखना चाहिये। पक्के फर्श पर लकड़ी के तखते या बांस रखकर उन पर तिरपाल बिछाकर और दीवालों से करीब 1.5 से 2 फीट जगह छोड कर अनाज की बोरी रखें और बोरियों का ढेर 6 मीग 6 मीसे अधिक नहीं होना चाहिए अर्थात् भण्डारण गृह की ऊँचाई का एक चौथाई भाग खाली रखना चाहिए। जूट की बोरियों का उपयोग करने से पहले मैलाथियान दवा का घोल बना कर बोरियों को घोल में डुबा देना चाहिये, जिससे पुराने कीटों के प्यूपा खत्म हो जाये फिर बोरियों को अच्छे से सुखा लें, जिससे बोरियों की नमी खत्म हो जाये।